**In the Court of Addl. Sessions Judge- I,**

**Vaishali at Hajipur,**

**S.Tr.no.-614/2022**

**U/S-363, 366(A)/34 IPC.**
**Order Dated:-24-04-2023**

**24-04-2023**

आवेदक रत्नेश राम द्वारा न्यायालय मे स्वतः आत्मसमर्पण किया गया, आवेदक को न्यायिक अभिरक्षा मे लिया गया। आवेदक की ओर से विद्वान अधिवक्ता द्वारा जमानत आवेदन दाखिल किया गया तथा कथन किया गया कि आवेदक पूर्व मे जमानत पर था तथा अभिलेख आरोप गठन हेतु नियत था किंतु आवेदक की अनुपस्थिति के कारण दिनांक 10.01.2023 को माननीय न्यायालय द्वारा आवेदक का बंधपत्र खंडित करते हुये गैर जमानतीय अधीपत्र निर्गत करने का आदेश दिया गया। आवेदक की ओर से जानबूझकर गलती नही किया गया है बल्कि आवेदक को अभिलेख की स्टेज की जानकारी नहीं थी और न ही उसे मुंशी के द्वारा बताया गया था। आवेदक जिविकापार्जन हेतु बाहर चला गया था। आवेदक पुनः अनुपस्थित होने की भूल नही करेगा तथा माननीय न्यायालय के प्रत्येक आदेश का पालन करेगा एवं प्रत्येक तिथि को सदेह उपस्थित रहेगा। आवेदक द्वारा आज स्वतः माननीय न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया है। अतः श्रीमान से अनुरोध है कि आवेदक को जमानत की सुविधा प्रदान करने की कृपा की जाये।

जमानत आवेदन पर उभय पक्षो को सुना, अभिलेख का अवलोकन किया। आवेदक पूर्व मे जमानत पर था तथा अभिलेख आरोप गठन हेतु नियत था किंतु आवेदक की लगातार अनुपस्थिति के कारण दिनांक 10.01.2023 को बंधपत्र खंडित कर दिया गया तथा गैर जमानतीय अधिपत्र निर्गत करने का आदेश दिया गया। आवेदक द्वारा आज स्वतः इस न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया है। आज दिनांक 24.04.2023 को प्रस्तुत वाद मे आरोप का गठन किया गया है। आवेदक की ओर से विद्वान अधिवक्ता द्वारा कथन किया गया है कि आवेदक पुनः अनुपस्थित होने की भूल नही करेगा तथा माननीय न्यायालय के प्रत्येक आदेश का पालन करेगा एवं प्रत्येक तिथि को सदेह उपस्थित रहेगा। ऐसी स्थिति मे उपरोक्त सभी तथ्यो एवं परिस्थितियो के अवलोकन से आवेदक को जमानत की सुविधा प्रदान किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है।

फलस्वरूप आवेदक की ओर से 10,000 (दस हजार) रूपये के दो

Web Copy not Official
ADJ I VAISHALI

**In the Court of Addl. Sessions Judge- I,**

**Vaishali at Hajipur,**

**S.Tr.no.-614/2022**

**U/S-363, 366(A)/34 IPC.**

जमानदार का बंधपत्र दाखिल किये जाने पर जमानत पर छोड़े जाने का आदेश दिया जाता है।

Web Copy not Official

**(Deepak Kumar Singh)**
**Addl. Sessions Judge-I**
**Vaishali at Hajipur**
**24-04-2023**

ADJ1 VAISHALI